# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **23-05-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-दुष्कर्म करने के आरोपी को थाना मझोला पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

अवगत करना है कि दिनांक 09-05-2025 को वादिनी निवासी थाना मझोला क्षेत्रान्तर्गत ने अभियुक्त विशाल द्वारा वादिनी की पुत्री के साथ शारीरिक संबंध बनाने, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने व अन्य अभियुक्तगण द्वारा वादिनी के साथ गाली गलौच कर मारपीट करने के संबंध में थाना मझोला पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मझोला पर मु0अ0सं0 -409/2025 धारा- 64/115(2)/351(2)/352 बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 23-05-2025 को थाना मझोला पुलिस द्वारा अभियुक्त विशाल सैनी पुत्र राजाराम निवासी आकांक्षा स्कूल के पास मिलन विहार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।



**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

विशाल सैनी पुत्र राजाराम निवासी आकांक्षा स्कूल के पास मिलन विहार थाना मझोला जनपद मुरादाबाद

**पंजीकृत अभियोगः-** मु0अ0सं0 -409/2025 धारा- 64/115(2)/351(2)/352 बीएनएस

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

उ0नि0 श्री मनोज कुमार

हे0का0 मौ0 हसन

का0 गुरदीप कुमार

**2-जान से मारने की नियत से फायर करने के आरोपियों को थाना मुगलपुरा पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

अवगत कराना है कि दिनांक 19-04-2025 को वादी श्री जाफर अलमास खान पुत्र वसी खान निवासी गोकुलदास तबेला स्ट्रीट थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगणों द्वारा वादी के साथ गाली गलोज व मारपीट करने व जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर करने के संबंध में थाना मुगलपुरा पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मुगलपुरा पर मु0अ0सं0-56/2025 धारा 115(2)/352/351(3)/109 बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 23-05-2025 को थाना मुगलपुरा पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1-मौ0 तनवीर पुत्र मौ0 तनजील 2-मौ0 तौकीर पुत्र मौ0 तनजील निवासीगण लाल मस्जिद निकट अमीर खां की बिल्डिंग थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया तथा अभियुक्त तनवीर उपरोक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।




**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1-मौ0 तनवीर पुत्र मौ0 तनजील निवासी लाल मस्जिद निकट अमीर खां की बिल्डिंग थाना नागफनी, मुरादाबाद

2-मौ0 तौकीर पुत्र मौ0 तनजील निवासी लाल मस्जिद निकट अमीर खां की बिल्डिंग थाना नागफनी, मुरादाबाद

**पंजीकृत अभियोगः-** मु0अ0सं0 56/2025 धारा 115(2)/352/351(3)/109 बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्त

**बरामदगीः-** 01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-** उ0नि0श्री हरेन्द्र सिंह, उ0नि0 श्री ओम शुक्ला, उ0नि0 श्री अमरदीप, हे0का0 आशीष, का0 अंकित कुमार

**3-मारपीट कर गंभीर रुप से घायल करने के आरोपी को थाना डिलारी पुलिस ने किया गिरफ्तार।**

अवगत कराना है कि दिनांक 21-05-2025 को सुशील कुमार पुत्र राजकुमार सिंह निवासी ग्राम फरीदपुर कामस थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा वादी के नाबालिग पुत्र के ऊपर जान से मारने की नियत से डन्डे व लोहे के हासिये से हमला कर वादी के पुत्र को गम्भीर रुप से घायल करने के संबंध में थाना डिलारी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना डिलारी पर मु0अ0सं0-102/2025 धारा 109 बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 23-05-2025 को थाना डिलारी पुलिस द्वारा योगेश कुमार पुत्र गेंदा सिंह निवासी ग्राम फरीदपुर कासम थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।



**गिरफ्तार अभियुक्तः-** योगेश कुमार पुत्र गेंदा सिंह निवासी ग्राम फरीदपुर कासम थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद

**पंजीकृत अभियोगः-** मु0अ0सं0-102/2025 धारा 109 बीएनएस

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-** उ0नि0 प्रवीण कुमार तेवतिया, हे0का0 संतोष कुमार, का0 अवनीश चौधऱी

**4-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 18 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 18 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**थाना कटघर-03, थाना मझोला-04, थाना सिविल लाईन्स-02, थाना पाकबड़ा-01, थाना भगतपुर-02, थाना ठाकुरद्वारा-02, थाना मैनाठेर-02, थाना कुन्दरकी-02**